Jansatta
New Delhi, 8 January 2013

जीव शीर्ष 50 में वापसी चाहते हैं

नई दिल्ली, 7 जनवरी (भाषा)। भारतीय गोल्फर जीव मिल्खा सिंह नए सत्र में चोटों से दूर रहकर मार्च के अंत तक दुनिया के शीर्ष 50 खिलाड़ियों में वापसी करना चाहते हैं।

चंडीगढ़ के इस गोल्फर ने 2012 में स्कॉटिश ओपन के साथ अपना चौथा यूरोपीय टूर खिताब जीता। इसके अलावा वे रायल ट्राफी जीतने वाली एशियाई टीम के हिस्सा भी रहे। जीव ने यहां गुजरात केंसविले गोल्फ चैलेंज के लांच के इतर संवाददाताओं से कहा, 'मेरा लक्ष्य चोट मुक्त रहना और शीर्ष 50 में जगह बनाना है जिससे कि मैं मेजर टूर्नामेंट में खेल सकूं। मैं इस सत्र में मेजर टूर्नामेंट जीतना चाहता हूं। मैं चार हफ्तों तक खेलूंगा और फिर एक हफ्ते का ब्रेक लूंगा। मैं दक्षिण अफ्रीका में वोल्वो चैंपियनशिप में खेलूंगा। इसके बाद मैं अबु धाबी एचएसबीसी गोल्फ चैंपियनशिप, कमर्शियल बैंक कतर मास्टर्स और ओमेगा दुबई डेजर्ट क्लासिक में खेलूंगा। इस भारतीय गोल्फर ने कहा कि मेरे पास शीर्ष 50 में जगह बनाने के लिए मार्च के अंत का समय और पांच टूर्नामेंट हैं।'